विषय : हिंदी **कक्षा : ८**

पाठ-3

शेर और तोमचा

मौखिक प्रश्नों का उत्तर :-

१) तोमचा कौन था? वह कहाँ जा रहा था?

उत्तर:- तोमचा मणिपुर का निवासी था। वह एक व्यापारी था, जो अपने गाँव से बहुमूल्य वस्तुएँ लेकर दूर के राज्यों में ले जा कर बेचता था। वह अपने गाँव मोइराङ जा रहा था।

२) सूरज ढलने से पूर्व तोमचा कहाँ पहुँच जाना चाहता था?

उत्तर:- सूरज ढलने से पूर्व तोमचा अपनी मौसी के घर विशनपुर गाँव पहुँच जाना चाहता था।

३) बाँस की नली तैयार करते समय कौन सी घटना घटी?

उत्तर:- बाँस की नली तैयार करते समय उसके हाथ में चोट लग गई जिसमें से खून बहने लगता हैं।

४) बनैले सूअर और शेर की आँखें एक दूसरे पर क्यों गड़ी हुई थी?

उत्तर:- बनैले सूअर और शेर की आँखें एक दूसरे पर इसलिए गड़ी थी क्योंकि दोनों जानते थे कि जो पहले हमला करेगा जीत उसी की होगी अतः अगर किसी वजह से एक का ध्यान बट जाता है, तो दूसरे को हमला करने का मौका मिल जाता है अतः वह किसी एक का ध्यान दूसरी ओर जाने का इंतजार कर रहे थे।

५) यदि सूअर बच जाता तो क्या होता?

उत्तर:- यदि सूअर बच जाता तो वह अपने पैने दाँतों से तोमचा पर हमला कर उसकी टाँगें तोड़ देता और उसका पेट फाड़ कर उसे मार डालता।

६) कृतज्ञता क्या होती है? कोई उदाहरण दीजिए।

उत्तर:- कृतज्ञता याने किसी के द्वारा किए गए उपकार के प्रति आभार प्रकट करना और उसका बदला चुकाना।

७) शेर ने किस प्रकार अपनी कृतज्ञता प्रकट की?

उत्तर:- शेर ने सूअर की खोपड़ी को बार-बार तोमचा के आगे प्रस्तुत किया कि वह उसे स्वीकार करें लेकिन जब उसने उसे लेने से मना कर दिया तब उसने उसे सुरक्षित उसकी मौसी के गाँव विशनपुर तक पहुँचा कर अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

८) शेर ने तोमचा को कहाँ तक पहुँचाया?

उत्तर:- शेर ने तोमचा को विशनपुर गाँव उसकी मौसी के घर तक पहुँचाया।

लिखित प्रश्नों का उत्तर :-

१) तोमचा जल्दी-से-जल्दी घर क्यों पहुँचना चाहता था?

उत्तर:- तोमचा पन्द्रह महीने बाद घर लौट रहा था। इस बार की यात्रा में उसे काफी लाभ हुआ था। इसलिए वह जल्दी-से-जल्दी घर पहुँचना चाहता था।

२) तोमचा को जंगल में कौन-कौन-सी आवाजें सुनाई दे रही थीं और कौन से दृश्य दिखाई दे रहे थे?

उत्तर:- तोमचा को जंगल में कठफोड़वा, झींगुर और कोयल की आवाजें सुनाई पड़ रही थीं। पूर्व दिशा में सूरज की लाली दिखाई दे रही थी। पेड़ों की डालियों पर बुलबुल और मैना फुदक रहे थे।

३) शेर कहाँ पर बैठा था? उसे देखकर तोमचा ने कैसी प्रतिक्रिया व्यक्त की?

उत्तर:- तोमचा को शेर जंगल की पगडंडी के पास बैठा दिखाई दिया। उसे देखकर तोमचा के पसीने छूटने लगे, वह काँपने लगा। अपनी रक्षा के लिए उसका हाथ खुखरी पर चला गया।

४) शेर की सहायता करने का निश्चय किसने किया और क्यों?

उत्तर:- तोमचा ने शेर की सहायता करने का निश्चय किया। उसने सोचा कि यदि सूअर बच गया तो अपने दाँतों से मेरे पैर तोड़ देगा और उन्हीं से मेरा पेट फाड़कर मुझे मार डालेगा। इसलिए उसने शेर की सहायता करना ठीक समझा।

५) शेर को सूअर पर हमला करने का अवसर कैसे मिला?

उत्तर:- तोमचा का फेंका हुआ पत्थर सूअर के सिर पर लगते ही वह तिलमिला उठा। उसका ध्यान शेर से हट गया। मौका पाकर शेर ने सुअर पर हमला कर दिया।

६) पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि पशुओं में भी बुद्धि होती है और वे भी उपकार का बदला चुकाना चाहते हैं।

उत्तर:- तोमचा द्वारा सहायता किए जाने पर शेर ने सूअर का सिर तोमचा को भेंट करना चाहा। तोमचा के उसे स्वीकार न करने पर वह तोमचा की रक्षा करने के लिए उसके साथ-साथ विशनपुर गाँव तक गया। इस घटना से पता चलता है कि पशुओं में भी बुद्धि होती है और वह उपकार का बदला चुकाना जानते हैं।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

प्रश्न १ - सही और गलत लिखिए

१- तोमचा लगभग पन्द्रह महीने के बाद माल बेचकर बड़ी खुशी से घर आ रहा था।
उत्तर - सही

२- शेर और सुअर में एक दूसरे को नहीं देखा था।
उत्तर - गलत

३- तोमचा ने एक बड़ा सा पत्थर उठाया और पूरे वेग से सूअर के सिर पर दे मारा।
उत्तर - सही

४- शेर चीखता - चिल्लाता पास के खड्ड में गिर पड़ा।
उत्तर - गलत

५- शेर तोमचा को अपने प्रति किए गए उपकार के बदले में सूअर का सिर भेंट करना चाहता था।
उत्तर - सही

६- तोमचा ने शेर की भेंट स्वीकार कर ली।
उत्तर - गलत

प्रश्न २ - सही उत्तर चुन कर लिखो

(क) - मणिपुर चारों ओर से किससे घिरा प्रदेश है?

१ - वनों से　　२ - पर्वतों से

३ - समुद्र से　　४ - झुरमुटों से

उत्तर - पर्वतों से

(ख) - तोमचा इनमें से किस नगर का निवासी था?

१ - मोइराङ　　२ - विशनपुर

३ - नोडमाइजिड　　४ - इनमें से कोई नहीं

उत्तर - मोइराङ

(ग) - तोमचा ने बाँस का एक पोर क्यों काटा?

१ - डंडे की मूँठ बनाने के लिए　　२ - खुखरी की धार परखने के लिए

३ - गिलासनुमा नलका तैयार करने के लिए　　४ - दवा बनाने के लिए

उत्तर - गिलासनुमा नलका तैयार करने के लिए

(घ) - विशनपुर गाँव में किसका घर था?

१ - तोमचा की मौसी का　　२ - तोमचा की बुआ का

३ - तोमचा के मामा का　　४ - इनमें से किसी का भी नहीं

उत्तर - तोमचा की मौसी का

(ङ) - बनैल सूअर के मुँह पर कितने पैने दाँत थे?

१ - तीन　　२ - दो

३ - चार　　४ - एक

उत्तर - दो

शब्द-संपदा (व्याकरण) :-

प्रश्न १ - निम्न श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ लिखो

(क) - वार - प्रहार करना

बार - दफा, मर्तबा

(ख) - शेर - एक पशु
सेर - प्राचीन काल के तौल की एक इकाई

(ग) - मला - रगड़ना, मलना
माला - एक आभूषण, माला

(घ) - ओर - तरफ, दिशा
और - तथा

(ङ) - घनी - गहरी, सघन
धनी - अमीर

(च) - नग - बहुमूल्य पत्थर, पर्वत
नागा - अवकाश, एक जाति

प्रश्न २ - निम्न शब्दों में प्रत्यय लगाकर भाववाचक संज्ञा बनाइए

लघु - लघुता
कटु - कटुता
चहचहाना - चहचहाहट
चिकना - चिकनाहट
सुंदर - सुंदरता
कृतज्ञ - कृतज्ञता
कड़वा - कड़वाहट
घबराना - घबराहट

प्रश्न 3 - दिए गए एकवचन शब्दों को बहुवचन में बदलिए

सड़क - सड़कें
डाली - डालियाँ
मुद्रा - मुद्राएँ
झाड़ी - झड़ियाँ
ध्वनि - ध्वनियाँ
कहानी - कहानियाँ
वस्तु - वस्तुएँ
पगडंडी - पगडंडियाँ